06 JAN 2022

नवभारत टाइम्स

कॉन्स्टेबल की मदद से ऑटो में छूटा बैग यात्री को वापस मिला

विसं, नई दिल्ली : नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से ऑटो हायर करके अपने घर पहुंचे एक शख्स को जब पता चला कि उसका एक बैग ऑटो में ही छूट गया है, तो उसके होश उड़ गए। बैग में एक लैपटॉप के अलावा लाखों की जूलरी और कैश भी रखा हुआ था। ऑटो वाले को तलाशने के लिए जब पीड़ित शख्स फिर से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचा, तो वहां उसकी मुलाकात ड्यूटी पर तैनात कॉन्स्टेबल राजेंद्र से हुई, जिनकी मदद से उसे अपना बैग वापस मिल गया।



बैग में लाखों की जूलरी, कैश और लैपटॉप रखा था

डीसीपी (मेट्रो) जितेंद्र मणि ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह की है। नाइट पट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात कॉन्स्टेबल राजेंद्र सुबह 7:30 बजे के करीब नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अजमेरी गेट की तरफ बने स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में गश्त लगा रहे थे। उसी दौरान शाहीन बाग इलाके के रहने वाले जुनैद अली खान उनके पास पहुंचे और उन्हें बताया कि वह वाराणसी से श्रमजीवी एक्सप्रेस के जरिए दिल्ली लौटे थे। उन्होंने अपने घर जाने के लिए ऑटो पार्किंग में जाकर वहां से एक ऑटो हायर किया था। घर जाकर उन्हें ध्यान आया कि जल्दबाजी में वह अपना एक बैग ऑटो में ही भूल गए हैं। बैग में एक लैपटॉप के अलावा करीब 7-8 लाख रुपये की जूलरी और करीब 4 हजार रुपये कैश भी रखे हुए थे। संयोग से उन्होंने ऑटो का नंबर नोट कर रखा था।

कॉन्स्टेबल राजेंद्र ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पुलिस थाने पहुंचे और वहां एक रजिस्टर में मेंटेन किए गए ऑटो चालकों के रिकॉर्ड को चेक किया, जिसमें उन्हें उस ऑटो चालक का नाम, पता और फोन नंबर मिल गया। राजेंद्र ने ऑटो चालक को फोन किया, तो उसने बताया कि वह स्टेशन के पार्किंग एरिया में लौट आया है। उसने बैग राजेंद्र के हवाले कर दिया। चेक करने पर बैग में रखा सारा सामान सुरक्षित मिला। वेरिफिकेशन के बाद बैग जुनैद को लौटा दिया गया।

Scanned with CamScanner